मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 11/02/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 84/2026
11 फरवरी 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
============================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर, रांची के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात।
============================

★ महाशिवरात्रि महोत्सव-2026 में सम्मिलित होने हेतु मुख्यमंत्री सादर आमंत्रित।
============================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में श्री शिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आगामी 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाले महोत्सव में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को महाशिवरात्रि महोत्सव-2026 को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों से अवगत कराया तथा मुख्यमंत्री से सपरिवार महोत्सव में सम्मिलित होने का विनम्र आग्रह किया।

इस अवसर पर श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के संरक्षक श्री राजीव रंजन प्रसाद, अध्यक्ष श्री राजेश साहू सहित श्री बादल सिंह, श्री रिवाल्डो वर्मा, श्री शुभाशीष चटर्जी, श्री राम सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

###

===========================

TeamPRD(CMO)